# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में "नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह" का आयोजन

दिनांक 24 जून 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में "नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में नशा मुक्ति नोडल अधिकारी श्री दिलीप कुमार मिश्रा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

